



## एक नजर में

### डॉ. अंबेडकर समरसता समाज सेवा समिति का गठन – नेमलाल मेहसन अध्यक्ष, पत्रकार मुकेश सिसोदिया सचिव मनोनीत



**पेटलावद.** संविधान दिवस के अवसर पर पेटलावद में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से 'डॉ. अंबेडकर समरसता समाज सेवा समिति' का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब के संघर्ष, विचारधारा और सामाजिक समरसता के संदेश को नई पीढ़ी तक पहुँचाना बेहद आवश्यक है। वर्तमान समय में समाज में फैली कुरीतियाँ, भेदभाव और असमानता को दूर करने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से नई समिति अलग-अलग सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाएगी। समिति के उद्देश्य* समाज में फैली कुरीतियों, अन्याय और भेदभाव को दूर करना, डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों के विचार, संघर्ष और योगदान को आमजन तक पहुँचाना , अनुसूचित जाति वर्ग के महापुरुषों को स्मरण कर उनके जन्म जयंती एवं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करना, वंचित, शोषित, पीड़ित वर्ग के अधिकारों के लिए आवाज उठाना , झाबुआ जिले में महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करवाने एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करना, समाज में समरसता, भाईचारा और सद्भाव स्थापित करना बैठक में सर्वसम्मति से 10 सदस्यों की समिति गठित की गई। जिसमें अध्यक्ष नेमलाल मेहसन, रूपगढ़ सचिव पत्रकार मुकेश सिसोदिया उपाध्यक्ष जगदीश जाटव एवं राजेश यादव कोषाध्यक्ष मनोज परमार , सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र जाटव , संयुक्त सचिव विनोद परमार , एवं सदस्य के रूप में भेरूलाल पडीयार, ओमप्रकाश मालवीय, राहुल अटकान को मनोनीत किया गया । बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि समिति समाज में जागरूकता फैलाकर समरसता एवं सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### इनरव्हील क्लब पेटलावद राइज़ ने श्री अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र ट्रस्ट में किया सेवा कार्य




**पेटलावद।** इनरव्हील क्लब पेटलावद राइज़ ने अपनी मानवीय और सामाजिक ज़िम्मेदारियों को निभाते हुए रतलाम स्थित श्री अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र ट्रस्ट में एक महत्वपूर्ण सेवा कार्यक्रम का आयोजित किया। क्लब की अध्यक्ष वर्षा मेहता और सचिव पूजा सोनी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसने आश्रम में रह रहे बुज़ुर्गों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।सेवा गतिविधि के दौरान, क्लब के सदस्यों ने आश्रम में निवास कर रहे वृद्धजनों को सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री का वितरण किया। वितरित की गई वस्तुओं में गर्म इनर, मोजे, टोपा (विंटर कैप), और वेसलीन शामिल थे। सामग्री वितरण के साथ-साथ, सदस्यों ने बुज़ुर्गों के लिए नाश्ते की भी व्यवस्था की। इस दौरान उन्हें गजक, कचौरी, और केले प्रदान किए गए। क्लब सदस्यों ने केवल भौतिक चीज़ों का वितरण नहीं किया, बल्कि बुज़ुर्गों के साथ आत्मीय संवाद भी किया। सदस्यों ने एक-एक बुज़ुर्ग के पास बैठकर उनका हालचाल जाना, जिससे उन्हें भावनात्मक संबल मिला। श्री अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र ट्रस्ट के प्रबंधन ने इनरव्हील क्लब पेटलावद राइज़ की इस मानवीय पहल की तहे दिल से सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक संगठन ज़रूरतमंदों को सहारा देकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने दोहराया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार के सराहनीय समाजसेवी कार्य निरंतर करते रहेंगे और समाज के हर वर्ग तक मदद पहुँचाने का प्रयास करेंगे।

### आचार्य भगवंत श्री मृदुरत्न सागर सूरीश्वरजी मसा का आज झाबुआ में होगा मंगल प्रवेश



**झाबुआ।** वागड़ विभूषण वात्सल्य वारीधी आचार्य भगवंत श्री मृदुरत्न सागर सूरीश्वरजी मसा आदि ठाणा का 30 नवंबर, रविवार सुबह कालीदेवी से होते हुए देवझिरी जैन मंदिर पर दर्शन-वंदन बाद झाबुआ आगमन हुआ। इस अवसर पर श्री गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर से श्री ऋषभदेव बावन जिनालय तक जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बाद बावन जिनालय में आचार्यश्री के मंगल प्रवचन होंगे। जानकारी देते हुए श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि सभी आयोजन श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ द्वारा किए जाएंगे। आचार्य श्री मृदुरत्न सागरजी आदि ठाणा के कालीदेवी प्रवेश पर उनके दर्शन-वंदन हेतु श्री संघ के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष संजय मेहता, उल्लास जैन, राजेश मेहता, अंतिम जैन आदि ने कालीदेवी पहुंचकर लाभ लिया एवं गुरूदेव से धर्म और ज्ञान चर्चा की। 30 नवंबर रविवार अलसुबह आचार्यश्री आदि ठाणा का कालीदेवी से देवझिरी श्री माणिभद्र आदिनाथ जैन मंदिर पर आगमन होगा। यहां श्री माणिभद्र एवं आदिनाथ भगवान के दर्शन-वंदन बाद देवझिरी से मोहनपुरा, गडवाड़ा होते हुए कृषि उपज मंडी के सामने श्री गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर पधारेंगे। जहां आचार्यश्री द्वारा श्री गौड़ी पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन किए जाएंगे। इस अवसर पर श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ की ओर से रविवार सुबह 7.40 बजे से सकल श्री संघ की नवकारसी का आयोजन श्री गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर पर रखा गया है। इसके बाद 8.45 बजे श्री गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर से बावन जिनालय तक बैंड-बाजों के साथ शोभयात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के बावन जिनालय पहुंचने पर यहां आचार्यश्री द्वारा आदिनाथ भगवान के दर्शन-वंदन पश्चात् 9.40 बजे से समाजजनों को प्रवचन दिए जाएंगे। श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ ने श्री संघ के सभी महानुभावों से सभी आयोजनों में अधिकाधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने हेतु अपील की है।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज

**इंदौर.** हीरानगर क्षेत्र में नगर निगम की टीम और भाजपा नेता के रिश्तेदार के बीच नर्मदा लाइन खोदने को लेकर विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ा कि नेता के रिश्तेदार ने सुपरवाइजर और उपयंत्री के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी. निगम अफसरों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हीरानगर पुलिस ने बताया कि नगर निगम में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत बिजासन रोड निवासी अंकित पुत्र रमाशंकर की रिपोर्ट पर रमेश पुत्र रामकिशोर शर्मा निवासी सुखलिया के खिलाफ मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है. विवाद सुखलिया स्थित मकान नंबर सीएच-66 के सामने हुआ, जहां नर्मदा पाइप लाइन डालने के लिए गड्ढा खोदने का कार्य किया जाना था.

# ग्रामवासियों और समाज के कहने पर पुन: हिंदू धर्म में वापसी की

**आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले के बोरी थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव के भील फलिए में जब लोभ और लालच में आकर कुछ समय पहले ईसाई धर्म अपना चुके एक परिवार ने अपनी दिवंगत बेटी के अंतिम संस्कार के लिए ग्रामवासियों और समाज के कहने पर पुनः हिंदू धर्म में वापसी की।**



इस घटना ने साफ कर दिया है कि भले ही कुछ लोग क्षणिक प्रलोभनों में आकर अपना मूल धर्म छोड़ दें, लेकिन संकट की घड़ी में समाज, मोहल्ले ओर गांव के लोग ही साथ आते हैं।अगर समाज के साथ रहना है तो संस्कृति भी समाज की अपना ना पड़ेगी, यह सब कुछ रतनपुरा में देखने को मिला।

**परिवार के धर्मांतरण होने से थी ग्रामीणों को नाराज़गी**

रतनपुरा गांव के तडवी फलिए में जब एक ईसाई बने परिवार की 18 साल की बेटी का निधन हुआ और वे अंतिम संस्कार गांव में ही करना चाहते थे लेकिन गांव के लोगो ने इसका कड़ी आपत्ति ओर नाराजगी जताई कि परिवार के लोग आदिवासी समाज की रीतिरिवाज, संस्कृति पद्धति को छोडकर अन्य धर्म की पद्धति अपना रहा उसी बात की आपत्ति ली गई थी, सभी गांव वाले चाहते थे कि वापसी समाज की रीति पद्धति और समाज की संस्कृति के साथ जुड़ रहे इसी को लेकर सभी ने एक स्वर में कहा कि गांव में अंतिम संस्कार नहीं होगा नहीं युवति को दफनाया जाएगा ओर होगा तो सिर्फ हिंदू संस्कृति के अनुसार क्रियाकरम, लेकिन इसके लिए पूरे परिवार को समाज के सामने घर आपसे करना होगी, गांव के पटेल और तडवी के साथी पंचों और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा काफी समझाइए दी है उसके बाद परिवार से पास्टर बन चुके केसर सिंह ने घर वापसी करने का मन बनाया और सभी के सामने संकल्प लेते हुए बाबा देव में पहुंचकर पूजा घर वापसी कर समाज के बीच रहकर समाज की संस्कृति और परंपरा को अपनाने का मन बनाया।

**जनजाति विकास मंच जिलाध्यक्ष भी पहुंचे**

जनजाति विकास मंच जिलाध्यक्ष राजेश डुडवे ने बताया कि मुझे रतनपुरा के कार्यकर्ताओं ने जानकारी दी कि यहां पर मतांतरण हो चुके परिवार में एक युवति की बीमारी के चलते निधन हो गया, लेकिन गांव वालों का विरोध है कि जब तक मतांतरित परिवार वापसी हिंदू धर्म में नहीं आता तब तक गांव में अंतिम संस्कार नहीं करने दिया जाएगा, जानकारी मिलने पर मैं वहां पहुंचा ओर गांव के प्रमुखों से चर्चा की तो पता चला कि परिवार ईसाई धर्म अपनाकर अन्य लोगों को भी प्रलोभन दे रहा। जिसका विरोध पूर्व में भी हो चुके लेकिन केसर सिंह नामक व्यक्ति पास्टर बन चुका है जो आसपास के लोगों को मातांतरण करवाने का काम करता है इसका विरोध गांव वाले कर रहे थे। जब मैं केसर सिंह और उसके परिजनों से आदिवासी समाज की परंपरा और संस्कृति को लेकर चर्चा की तो वह बिल्कुल भी मानने को तैयार नहीं था इसी बीच गांव वालों ने कड़ा विरोध किया कि जिस बेटी की मौत हो गई उसे अन्यत्र इलाज नहीं करवाते हुए चंगाई सभा में उपचार करते रहे तो फिर उसकी बिमारी ठीक क्यों नहीं हुई, इसका कड़ा विरोध हुआ उसके बाद परिवार नरम हुआ और गांव के सामने सारे निर्णय को स्वीकार कर गांव साथ चरने का मन बनाकर हमेशा अपनी संस्कृति और परंपरा को अपनाने को तैयार हुए उसके बाद मृत बेटी का अंतिम संस्कार हुआ।

> ग्रामीणों का कहना था कि कई लोग प्रलोभनों के चलते हिंदू धर्म छोड़ देते हैं, लेकिन जब कोई बड़ी विपदा आती है, तो वे वापस समाज की ओर देखते हैं। जो व्यक्ति हिंदू धर्म की परंपराओं और रीति-रिवाजों का सम्मान नहीं करता, उसे हिंदू समाज की श्मशान भूमि पर अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह धर्म और संस्कृति की रक्षा का प्रश्न था। ग्रामीणों की नाराजगी के सामने मतांतरण हो चूके परिवार को झुकना पड़ा। अपनी बेटी के अंतिम संस्कार के लिए उन्होंने अंततः घर वापसी का निर्णय लिया। परिवार के सदस्य केशरसिंह सुकलिया रतनपुरा ने गांव वालों के निर्णय के सामने झुक गया ओर गांव का निर्णय सर्वमान्य करते हुई मत्तांतरित हो चुके केसर सिंह गांव वालों के साथ बाबा देव पहुंचे। जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-पाठ किया और पुनः सनातन हिंदू धर्म में अपनी आस्था व्यक्त की। इस मौके पर गांव के वेस्ता पटेल, नरसिहं तडवी, धुन्दरसिहं चौकीदार,सामाजिक कार्यकर्ता गजराज अजनार, बारम सोलंकी, सुरसिंह बघेल, बाथु जमरा, नानसिंह भगडिया आदि लोग मौजूद थें।

## मार्ट से अमूल शुद्ध घी के पैकेट चुराने वाला आरोपी धराया

**▶ पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर चोरी की धारा में अपराध पंजीबद्ध किया**



झाबुआ। शहर के कॉलेज मार्ग पर बी-4 सिनेमा में संचालित वार्व मार्ट शो-रूम से अमूल शुद्ध घी के पैकेट चुराकर बुलेट गाड़ी से भागने वाले आरोपी को पुलिस ने सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज के आधार पर पहचान कर आरोपी युवक को गिरफतार कर लिया है एवं उसके खिलाफ चोरी की धारा में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आरसी भास्करे ने बताया कि फरियादी भूपेन्द्र पिता कांतिलाल बाबेल उम्र 58 वर्ष निवासी 45, होटल शांति निकेतन पॉवर हाऊस रोड झाबुआ ने पुलिस थाने पर उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट करते हुए बताया कि वह भारत रेस्टोरेंट के संचालक होकर उनके पुत्र प्रयास बाबेल का कॉलेज मार्ग पर बी-4 सिनेमा के नीचे वाव मार्ट शो-रूम है। 28 नवंबर, शुक्रवार दोपहर करीबन 12.45 बजे वह वाव मार्ट शॉप पर ही थे, तभी शॉप में लगे सीसीटीव्ही केमरे मे देखा कि एक लड़का अपनी बुलेट गाडी क्रमांक एमपी-44, एमक्यू-2967 लेकर आया और बुलेट वाहन दुकान के बाहर खडी कर दुकान के अंदर घुसा। युवक ने अमुल शुद्ध घी के एक-एक लीटर के दो पाउच कुल दो लीटर किमती 1200 रुपए के चोरी करके अपनी जाकेट के अंदर छिपाकर फरार हो गया। उस समय श्री बाबेल की दुकान के कर्मचारी विशाल, रोहित, अमित भी वहीं पर थे।

> **दूसरी बार दुकान पर पुन: आने पर पकड़ाया युवक**
>
> 29 नवंबर, शनिवार दोपहर करीब 11.15 बजे अमूल घी के पाउच चोरी करने वाला व्यक्ति वाव मार्ट दुकान पर पुनः आया, तो दुकान संचालक श्री बाबेल द्वारा उसे पहचान लिया गया और युवक को पकड़कर उसका नाम-पता पुछा तो उसने अपना नाम क्रिश पिता लोकेन्द्रसिंह कलानी उम्र 19 वर्ष निवासी गादिया कॉलोनी बताया।

## ताम्रकर रेसक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा प्रबंध समिति में नामांकित



**झाबुआ। भारतीय रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा भोपाल की नवगठित राज्य प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण समारोह राजभवन भोपाल में प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।**

उक्त गरिमामय समारोह में नवगठित चेयरमेन, वाइस चेयरमेन, कोषाध्यक्ष एवं राज्य प्रतिनिधियों को अपने कर्तव्य की शपथ दिलवाई गई। जिला रेडक्रास सोसायटी अध्यक्ष एवं कलेक्टर नेहा मीना के अनुमोदन अनुसार जिला रेडक्रास सोसायटी के पूर्व सचिव पुरूषोत्तम ताम्रकर निवासी झाबुआ को राज्य शाखा प्रबंध समिति में सदस्य के रूप में नामांकित किया गया।

उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होकर राज्य शाखा प्रबंध समिति सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। समारोह में राज्य शिक्षा विभाग की आयुक्त एवं तत्कालीन कलेक्टर झाबुआ जयश्री कियावत तथा राज्य शाखा के अन्य पदाधिकारियों से भी पुरूषोत्तम ताम्रकर ने सौजन्य भेंट की। साथ ही उक्त नव-दायित्व हेतु श्री ताम्रकर ने राज्य समिति एवं कलेक्टर नेहा मीना का आभार व्यक्त किया। श्री ताम्रकर को उक्त जिम्मेदारी मिलने पर जिले की विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं, इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन में जिला पदाधिकारियों का प्रांतीय स्तर पर मनोनयन

*दी गई शुभकामनाएं*

**झाबुआ। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन प्रांताध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. राजकुमार दुबे द्वारा जबलपुर महासमिति की बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी, कोर कमेटी, मीडिया प्रभारी, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ, प्रांतीय स्वास्थ्य प्रकोष्ठ, पेंशनर्स संवाद समिति, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य आदि का पुर्नगठन किया गया है। जिसमें एसोएिसशन के झाबुआ जिले के पदाधिकारियों को भी प्रांतीय स्तर पर स्थान मिला है।**



जिले के 4 पदाधिकारियों को प्रांत में महत्वपूर्ण जगह की गई है। जिसमें वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष शांति वसुनिया को महिला प्रकोष्ठ का प्रांताध्यक्ष, जिला संरक्षक रतनसिंह राठौर को मुख्य इकाई में प्रांतीय उपाध्यक्ष, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रूपसिंह खपेड़ को प्रांतीय सचिव एवं जिला सचिव भेरूसिंह सोलंकी को प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। उक्त सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की गई कि वे संगठन को जिले के साथ प्रांत स्तर पर भी सक्रिय और मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनरों की मांगों और समस्याओं को जिला एवं प्रांत स्तर पर पूरी बुंलदी से उठाकर सरकार और प्रशासन के माध्यम से निराकरण की पहल करेंगे।

**हर्ष व्यक्त किया**

उक्त मनोनयन पर एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी-सदस्यों में बालमुकुंदसिंह चौहान, श्रीनाथसिंह चौहान, जयंतीलाल राठौर, समीउद्दीन सैयद, दुलेसिंह चौहान कालूसिंह मौर्य, कालूसिंह परमार, बलवीरसिंह डामोर, लालसिंह परमार, मोहनसिंह चौहान, सोमसिंह चौहान, सोहनसिंह चौहान, भारतसिंह तोमर, विजयसिंह सिंगार, बाबूसिंह चौहान आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## तेज रफ्तार शुक्ला बस ने दो बाइकों को फिर मारी टक्कर

### भीड़ का फूटा गुस्सा, ड्राइवर-क्लीनर को पीटा

इंदौर. उज्जैन रोड पर शाम को हुए सड़क हादसे के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया. लोगों ने बस में तोड़फोड़ की और चालक दल पर हाथ उठा दिया. पुलिस ने हालात काबू में किए, फिलहाल पुलिस ने मामले में जांच कर रही है. थाना प्रभारी विजयशंकर महोबिया ने बताया कि इंदौर उज्जैन रोड पर शाम शुक्ला ब्रदर्स की यात्री बस दुर्घटना का शिकार हो गई. तेज रफ्तार से चल रही बस ने पीछे से दो अलग-अलग बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक बाइक पर सवार दंपती और उनका बच्चा गंभीर रूप से घायल हुए. दूसरी बाइक चला रहा युवक भी हादसे में जख्मी हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस की गति काफी अधिक थी और चालक नियंत्रण नहीं रख पाया, जिसके कारण दोनों बाइकें सीधे चपेट में आ गईं. हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा. राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बस पर पथराव कर उसमें तोड़फोड़ कर दी.

**एक नजर** ▶ **श्री रामायण मंडल द्वारा रामकृष्ण नगर में संगीतमय, समधुर, वाद्य यंत्रों के साथ सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन**

## सुंदरकांड पाठ में भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी महाराज के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**झाबुआ।** शहर के रामकृष्ण नगर में युवा व्यवसायी प्रांशु शाह एवं नम्र शाह के निवास पर श्री रामायण मंडल झाबुआ द्वारा 28 नवंबर, शुक्रवार रात 8.30 बजे से श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह पाठ समधुर, संगीतमय, वाद्य यंत्रों के साथ संपन्न हुआ। जिसमें भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी महाराज के भजनों पर आनंदित होकर युवाओं ने जमकर नृत्य भी किया।

प्रारंभ में पाट पर श्री हनुमानजी महाराज की तस्वीर विराजमान कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना आचार्य पं. दशरथनंदन जानी ने संपन्न करवाई। यजमान के रूप में पूजन का लाभ प्रांशु एवं नम्र शाह तथा परिवारजनों ने लिया। बाद भगवान श्री गणेशजी की स्तुति के साथ श्री सुंदरकांड पाठ आरंभ हुआ। जिसमें भगवान श्रीराम, हनुमानजी महाराज, शिवजी, भगवान श्रीकृष्ण, माता रानी, उज्जैन वाले महाकाल राजा, सांवरिया सेठ एवं खाटू वाले श्याम बाबा के समधुर भजन श्री रामायण के वरिष्ठ सदस्यों में हरिभाई सतोगिया, भंवरसिंह पंवार, डॉ. रितेश अत्रे, युवा गायक गौरव नीमा द्वारा गाए गए। वहीं पाठ की चौपाईयों का वाचन मंडल के वरिष्ठ सदस्यों में ओपी भट्ट, रमेशचन्द्र मालवी, प्रदीप सोलंकी, विनोद पंचाल, प्रवीण पाल, दीपक टेलर, हर्ष सक्सेना आदि ने किया। हामोर्नियम पर प्रस्तुति राजाभाई, ढोलक पर प्रस्तुति प्रांजल सतोगिया एवं मंजिरे पर युवा सात्विक नागर ने प्रस्तुति दी। संगीतमय समधुर भजनों पर आनंदित होकर युवा भक्तजनों में कपिल पंचाल, अर्पित तिवारी, अक्षय कटारिया, वैभव कोठारी, कपिल जानी, नम्र शाह, मोहित शाह आदि ने नृत्य करने का आंनद लिया।

> **सत्त 3 घंटे चला पाठ**
>
> यह पाठ सत्त 3 घंटे तक चला। पाठ के दौरान ही युवाओं ने उत्साहपूर्वक भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी महाराज के सामूहिक जयघोष लगाए। सुंदरकांड पाठ की पूर्णाहूति पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ कर हनुमान भगवान की विशेष आरती की गई। बाद सभी को फल, मिष्ठान आदि का प्रसाद वितरित किया गया। सुंदरकांड पाठ में शहर के भक्तजनों एवं रामकृष्ण नगर के रहवासियों में योगेन्द्र सोनी, हिमांशु गुप्ता योगेश शाह, दीपक गुप्ता, लोकेश नानावटी, मुकेश नीमा, हेमेन्द्र शाह सहित बड़ी संख्या में अन्य महिला-पुरूष श्रद्धालु और युवाजन उपस्थित रहे।